## एक नजर में

### सरजू बाई पुष्पद का 90 वर्ष की आयु में निधन



**पडाना 10 जून, सं.** नगर के माली मोहल्ले में निवासरत रामेश्वर पुष्पद एवं मदनलाल पुष्पद की पूज्य माताजी तथा दीपक, लखन, सोनू व जीवन की दादी, हंसमुख एवं मिलनसार स्वभाव की धनी श्रीमती सरजू बाई पुष्पद का 90 वर्ष की उर्म में मंगलवार शाम लगभग 5 बजे निधन हो गया. उनके निधन की जानकारी मिलते ही स्थानीय पड़ोसियों, समाज जनों और संपूर्ण नगर में शोक की लहर छा गई. दिवंगत श्रीमती सरजू बाई पुष्पद की अंतिम शव यात्रा बुधवार सुबह 9 बजे माली मोहल्ला स्थित उनके निज निवास से गरिमामय माहौल में निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सामाजिक मुक्तिधाम पहुंची. अंतिम यात्रा में नगर के विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित सारंगपुर, तारागंज, मल्हारगंज, मऊ, मगराना, तलेनी आदि शहरी व ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, रिश्तेदार और प्रबुद्ध जन पहुंचे. पार्थिव शरीर को उनके सुपुत्र रामेश्वर पुष्पद एवं मदनलाल पुष्पद ने मुखाग्नि दी.

### पेंशनर संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जीरापुर 10 जून, सं.** पेंशनर संघ ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार के प्रतिनिधि शिव मंडलोई को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में संघ ने पुरजोर तरीके से मांग की है कि पेंशनरों की लंबे समय से लंबित पड़ी मांगों का तत्काल और ससम्मान निराकरण किया जाए. पेंशनर संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में धारा 49 की समाप्ति पेंशनरों ने धारा 49 को तत्काल समाप्त करने की मांग की है. डीए और एरियर का भुगतान समय पर एरियर सहित महंगाई भत्ते (डीए) का नियमित भुगतान किया जाए. वेतनमान का बकाया रू छठवें वेतनमान का 32 माह का एरियर तथा सातवें वेतनमान का 27 माह का बकाया एरियर ब्याज सहित देने, ज्ञापन सौंपने के दौरान पेंशनर संघ के अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद, आरसी चौरसिया, बीएल वैष्णव, शिवनारायण मंडलोई, क्रिस्टोफर एक्का, एम एल अहिरवार, मोहनलाल हिंडोनिया, जगदीश गुप्ता, चुन्नीलाल कुशवाह, देवीलाल चौहान तथा चौनसिंह सोनगिरा सहित अन्य पेंशनर साथी शामिल थे.

### संभागीय अध्यक्ष ने संभाल कार्यभार

**पचोर 10 जून, सं.** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के नवनियुक्त संभागीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम वैष्णव ने बुधवार को मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश मुख्यालय भोपाल पहुंचकर कार्यभार संभाला. इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष, मुख्यालय प्रभारी दिलीप भदौरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिशुपालसिंह तोमर, प्रदेश छानबीन समिति प्रदेश संयोजक सरलप्रताप भदौरिया, संभागीय महासचिव रतनलाल बाथम, महिला प्रकोष्ठ संयोजक अनिता चौबे, सहसंयोजक महिला प्रकोष्ठ प्रगति श्रीवास्तव, दयाप्रसाद, सुरेश शर्मा जिला अध्यक्ष राजगढ़, विजयपाल सिंह कान्हा बना जिला महासचिव आलोक गुप्ता पूर्व संभागीय अध्यक्ष, जिला महासचिव भोपाल मोईनखान, राजकुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय राठौर, कमल चौरसिया पूर्व कार्यकारी संभागीय अध्यक्ष, रमाकांत शर्मा ब्लांक अध्यक्ष पचोर, संतोष अग्रवाल पचोर आदि उपस्थित रहे.

# बारिश में जान ले सकता है नदी-नाले का कचरा

## बरसात आने से पहले समय रहते समस्याओं से मुकाबले कर राहत देने का हो सकता है प्रयास

पूरी तरह कचरे से पटा एक किमी लंबा नाला



ब्यावरा. माता मण्ड की पुलिया के यहां कचरे से घिरा नाला.

### निचली बस्तियों के हालातों पर गंभीरता नहीं नाले की निकासी मार्ग पर कचरा देगा दिक्कत

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 जून,का. 46 डिग्री तापमान की तपन झेलने के बाद मानसून दस्तक देगा तो तन को सुकून मिलेगा. गर्मी से राहत देती ठंडी हवाएं मौसम को खुशनुमा बनायेगी. मानसून की दस्तक जहां खुशी का संदेश देती नजर आयेगी वहीं बारिश की आहट उन लोगो को बैचेन करेगी जो नदी, नाले के किनारे अथवा निचली बस्तियों में बसे हुए है. जिस प्रकार से नदी, नाले कचरे से पटे है उससे आसपास क्षेत्र के रहवासियों को जल का नहीं जान का खतरा बना हुआ है.**

ब्यावरा नगर की निचली बस्तियों को बारिश सुकून कम तनाव अधिक देती आई है. इसके लिये वे स्वयं भी जवाबदार है लेकिन नाले और नदी का अतिक्रमण के कारण सिकुड़ना, गंदगी के कारण कचरे से पट जाना और निकासी मार्ग का अवरूद्ध हो जाना आम लोगो के लिये बड़ा संकट है. नगरपालिका मानसून का इंतजार कर रही है ताकि पिछले वर्षो की तरह पहली बारिश में गंदगी बह जाए. भगवान करें ऐसा ही हो लेकिन दुर्भाग्य से अगर बारिश ने शुरूआती दौर में तांडव मचा दिया अथवा नदी-नाले के निकासी द्वार जाम हो गये तो नगर के क्या हालात बनेंगे इसकी कल्पना करने में भी सिहरन पैदा हो सकती है.



ब्यावरा. जैन मंदिर के सामने की पुलिया के यहां कचरे से पटा नाला.

ब्यावरा नगर का प्राचीन नाला करीब एक किमी की लंबी दूरी तय करता है. किसी समय यह नाला नदी से आधी चौड़ाई के बराबर था आज यह नाला बड़े शहर की एक बड़ी नाली के जैसा नजर आता है. इसके आसपास नपा ने लोगो की सुविधा के लिये अथवा इसके समीप रोड़ बना दिया जिससे आने जाना सुगम हो सके लेकिन लोगो ने आगे आकर अतिक्रमण कर लिया है.

नाले की चौड़ाई कम होना और इसकी निकासी बाधित होना सबसे बड़े खतरे की ओर इशारा करता है. दुर्भाग्य से अगर बारिश लगातार और अधिक हो जाए, नदी नाले के निकासी द्वार बाधित हो जाए अथवा इनमें जमा कचरा संकट पैदा कर दे तो यह हालात कई लोगो के जीवन को संकट ग्रस्त कर सकते है.



ब्यावरा. खटीक मोहल्ले की पुलिया के यहां कचरे से पटा नाला.

खटीक मोहल्ला, मातामंड, कुशवाह मोहल्ला, गाडरी मोहल्ला, मोमन मस्जिद की पुलिया, जूना ब्यावरा, जैन मंदिर के सामने आर्य समाज चौक, अंहिसा द्वार, पंचमुखी क्षेत्र, अंजनीलाल मार्ग, हाथी खाना, सिलावट मोहल्ला जैसे नगर के कई हिस्से ऐसे है जहां हर बारिश संकट में निकलती है. आशंका यह है कि यह संकट अगर प्रकृति के प्रकोप और मानव जनित प्रयासों के कारण बड़ गया तो इसका जवाबदार कौन होगा.

प्रशासन, नगरपालिका ने निचली बस्तियों में बारिश के समय आ सकने वाली समस्या के लिये डूब प्रभावित स्थल आदि की तैयारी तो कर ली है

### आज दिव्य नौका विहार में विराजेंगे भगवान

**राजगढ़ 10 जून, का.** शहर मध्य क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध श्री सत्यनारायण भगवान मंदिर में गुरुवार, 11 जून को भगवान के अलौकिक और दिव्य नौका विहार दर्शन का भव्य आयोजन किया जाएगा. इस धार्मिक उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है. धार्मिक आयोजन के अंतर्गत भगवान सत्यनारायण का विशेष मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा. इसके पश्चात भगवान को आकर्षक व सुंगधित फूलों से विशेष रूप से सुसज्जित की गई नौका में विराजित कर श्रद्धालुओं को दर्शन कराए जाएंगे.मंदिर के पुजारी पं. हेमेंद्र त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान के नौका विहार के दर्शन शाम 7 बजे से प्रारंभ होंगे. इस पावन अवसर पर संपूर्ण मंदिर परिसर को भव्य व आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है. दर्शन के साथ ही भगवान की विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती भी संपन्न होगी. मंदिर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी जनता और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे गुरुवार शाम को परिवार सहित मंदिर परिसर में उपस्थित होकर भगवान के इस दिव्य व अलौकिक नौका विहार दर्शन का रसास्वादन करें और पुण्य लाभ अर्जित करें.

# शोभायात्रा के साथ शुरू हुई सात दिवसीय गीता प्रवचन

## ब्रह्माकुमारीज द्वारा सुखमय समाज निर्माण का सुंदर प्रयास



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 10 जून, सं. विश्व एक परिवार है की ऊंची सोच और एक सुखमय समाज की स्थापना के संकल्प के साथ ग्राम सईदाबाद में सात दिवसीय गीता प्रवचन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक कलश यात्रा के साथ की गई. आयोजकों और नगर जनों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सनातन दैवी संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाना है.**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में परमात्मा शिव की महिमा सहित गीता, महाभारत और रामायण जैसे महान ग्रंथों के मर्म को बेहद सहज रीति से समझाया जा रहा है. संस्था का उद्देश्य जाति-धर्म और ऊंच-नीच का भेद मिटाकर एक ऐसे सुंदर समाज का पुनर्निर्माण करना है, जहां सबमें एकरूपता हो और किसी का किसी से बैर न हो. सर्वे भवन्तु सुखिनरू की भावना के साथ त्यागी-तपस्वी ब्रह्माकुमारी बहनें मानवता और सर्व कल्याण के लिए धर्मग्रंथों के सार को जनमानस तक पहुंचा रही हैं, जिससे प्रेरित होकर लोग व्यसन और बुराइयों का त्याग कर सकारात्मक जीवन की ओर बढ़ रहे हैं.

गणमान्य नागरिकों ने किया दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी, ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी, कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, राधेश्याम मेवाड़ा, लक्ष्मी नारायण मेवाड़ा, कैलाश नारायण मेवाड़ा, शिवनारायण मेवाड़ा, बद्रीनारायण मालवीय, तेजकरण, धीरेन्द्र सिंह राजपूत, दुर्गाप्रसाद, विजेंद्र, भागीरथ, अमरसिंह और रूपसिंह राजपूत सहित कई गणमान्य नागरिकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया.

**ग्रंथों के आदर्शों को जीवन में अपनाना ही सच्चा लक्ष्य भाग्यलक्ष्मी दीदी** श्रोताओं को संबोधित करते हुए मुख्य प्रवचनकर्ता ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी ने कहा कि यह ईश्वरीय ज्ञान सर्व के लिए है. हमारी अनपढ़ माताओं-बहनों और बुजुर्गों तक महान धर्मग्रंथों के सार को पहुंचाकर, उनके कर्मों में परिवर्तन लाकर श्रेष्ठ जीवन बनाना और दैवी संस्कृति का अनुभव कराना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है. आज हम इन महान ग्रंथों को पढ़ते तो हैं, लेकिन उनके आदर्शों को अपने व्यावहारिक जीवन में अपनाना ही हमारा असली लक्ष्य होना चाहिए.

दीदी ने विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का उदाहरण देते हुए जीवन में श्रेष्ठ कर्तव्यों की आवश्यकता और सद्गुणों के महत्व को रेखांकित किया. उन्होंने सभी से सच्चाई और अच्छाई के मार्ग पर चलकर दूसरों को सुख देने का आह्वान किया.

### सेन समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 13 जून को, विदिशा में

**सारंगपुर 10 जून, सं.** सेन समाज एवं स्व. दुर्गाप्रसाद सेन स्मृति न्यास के तत्वाधान में आगामी 13 जून शनिवार को राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आप हैं प्रतिभावान का भव्य आयोजन होने जा रहा है. यह गरिमामयी कार्यक्रम विदिशा के सिविल लाइंस स्थित रवींद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से शुरू होगा. इसमें कक्षा 10वीं और 12वीं में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा. मुख्य आयोजक कमलेश सेन विदिशा एवं सहयोगी सुरेश चौहान सारंगपुर ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि जोधपुर पीठाधीश्वर सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज होंगे. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के केश कला कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष यशपाल सिंह ठाकुर शिरकत करेंगे.

# चोरों के हौसले बुलंद, 140 फीट बिजली की डोरी चोरी

नवभारत न्यूज

**पडाना 10 जून, सं. क्षेत्र के ग्राम मऊ में चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर एक खेत में लगे ट्यूबवेल को निशाना बनाया. अज्ञात चोर ट्यूबवेल में लगी करीब 140 फीट बिजली की डोरी काटकर चुरा ले गए. चोरी गई डोरी की कीमत लगभग 6 हजार रुपये बताई जा रही है. इस घटना से क्षेत्र के किसानों में रोष और चिंता का माहौल है.**

फरियादी नारायण सिंह राजपूत, ने सारंगपुर थाने पहुंचकर मामले की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि कोई अज्ञात व्यक्ति रात के समय उनके खेत से ट्यूबवेल से जुड़ी कीमती डोरी काटकर रफूचक्कर हो गया.

### थाने पहुंचे ग्रामीण, अन्य किसानों की भी हुई चोरी

नारायण सिंह के साथ गांव के राधेश्याम, विष्णु, मनीष मालवीय, विजय शर्मा और जगदीश भी सारंगपुर थाने पहुंचे. ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि यह केवल एक किसान की बात नहीं है, बल्कि गांव के अन्य कई किसानों के खेतों से भी बिजली की डोरियां चोरी हुई हैं.

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

पीड़ित किसान की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और ग्रामीणों से पूछताछ कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है.

# अहंकार से दुर्गति और बुरे कर्मों से मिलती है अधोगति

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 10 जून, सं.** नगर के प्रसिद्ध श्री गोवर्धन नाथ मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. कमल बिहारी नागर ने श्रद्धालुओं को जीवन का सार समझाया. उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन जीने के साथ-साथ धर्म-कर्म भी करते रहना चाहिए, क्योंकि परिवर्तन ही संसार का नियम है और हमें समय के अनुसार ही चलना चाहिए.

**संस्कार ही बेटी का असली धन**

कथाव्यास ने पारिवारिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छे संस्कार ही किसी बेटी का असली धन होते हैं, जो उसे उच्च जीवन की ओर ले जाते हैं. उन्होंने घर, मंदिर और आश्रम के बीच का सुंदर अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि घर जहां आपसी प्रेम और स्नेह हो, वह घर है. मंदिररू जहां मन को परम शांति का अनुभव हो, वह मंदिर है. आश्रम जहां निस्वार्थ भाव से सेवा की जाए, वह आश्रम है.

पं. नागर ने मंत्रों के प्रभाव और आचरण की शुद्धता पर जोर देते हुए कहा कि मंत्रों के माध्यम से मन को असीम शांति मिलती है. प्राचीन समय में मंत्र शक्ति इतनी प्रबल होती थी कि व्यक्ति को आने वाली परिस्थितियों का पहले ही आभास हो जाता था. इस भव्य धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर संगीतमय कथा का रसपान कर रहे हैं.



### बैठक आयोजित

**ब्यावरा.** एनएसयूआई की एक बैठक ब्यावरा में आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने, छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई. बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने सामाजिक समानता और भाईचारे का संदेश दिया. उन्होंने महात्मा गांधी के रामराज्य की कल्पना का जिक्र किया. दांगी ने भगवान राम द्वारा शबरी के झूठे बेर स्वीकार करने के प्रसंग को सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा उदाहरण बताया.

# दूसरे के सुख को देख कर कभी दुखी नहीं होना चाहिए

## सारंगपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन उमड़ा जनसैलाब



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 10 जून, सं.** अच्छा व्यक्ति भी अगर गलत रास्ते पर चलता है, तो उसका पतन निश्चित है. हम किसी से जलेंगे तो वह जलन सबसे पहले हमें ही जलाएगी. जिंदगी बेहद छोटी मिली है, इसलिए हमें हर हाल में खुश रहना चाहिए. सबसे बड़ी बात यह है कि दूसरे के सुख को देख कर हमें कभी दुखी नहीं होना चाहिए.

आचार्य व्यास ने श्रद्धालुओं से कहा कि अगर आप भागवत कथा सुनकर जीवन में कुछ सार्थक पाना चाहते हैं, तो यहाँ कुछ सीखने और आत्मसात करने के उद्देश्य से आएं. यदि आप इस पवित्र भाव से आएंगे, तो यह भागवत कथा निश्चित रूप से आपके जीवन को बदल देगी और आपको बहुत कुछ देकर जाएगी.

कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित के प्रसंग, परम ज्ञानी शुकदेव जी का जन्म, शुकदेव-परीक्षित संवाद आदि प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक और विस्तार से वर्णन किया. इससे पूर्व मुख्य यजमान प्रख्यात समाजसेवी विष्णु प्रसाद जोशी ने सपरिवार विधि-विधान से पवित्र भागवत जी की आरती उतारी और आशीर्वाद लिया.

कथा में पूर्व नपाध्यक्ष ललित पालीवाल, रुपल प्रमोद सादानी, सत्य नारायण शर्मा, जयहिंद प्रकाश दुबे, ओम प्रकाश विजयवर्गीय, श्रीमती हर्षा पालीवाल, श्रीमती प्रभा पालीवाल सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ कमाया.

# बिना हस्ताक्षर के महिला के खाते से साफ हुई रकम

## ग्रामीण बैंक में हुई फर्जी निकासी

नवभारत न्यूज

**पडाना 10 जून, सं.** क्षेत्र के ग्राम मऊ स्थित मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा में इन दिनों खाताधारकों के खातों से बिना जानकारी और बिना हस्ताक्षर के राशि कटने के मामले सामने आ रहे हैं. बैंक की इस लचर कार्यप्रणाली से खाताधारक बेहद परेशान हैं. ऐसा ही एक ताजा मामला समीपस्थ ग्राम मऊ की निवासी महिला सीमा बाई पति राधेश्याम राजपूत के साथ सामने आया है. जिनके खाते से अज्ञात तरीके से राशि पार कर दी गई.

न कोई मैसेज आया, न किए हस्ताक्षर

पीड़ित महिला सीमा बाई ने बैंक प्रबंधक को एक लिखित आवेदन सौंपकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है कि उनके बैंक खाते से पिछले माह 1,000 रुपये की राशि काट ली गई. इससे पूर्व अप्रैल माह में भी उनके खाते से 400 रुपये की कटौती की गई थी.

खाते से कुल 1,400 रुपये बिना किसी सूचना के निकाल लिए गए.

महिला का कहना है कि इस निकासी को लेकर उनके मोबाइल

**धार्मिक आस्था** अधिक मास के अवसर पर प्रतिदिन तड़के 4 बजे निकल रही प्रभात फेरी

# धार्मिक रंग में रंगा हबीपुरा, पुरुषोत्तम मास में गूंज रहे जयकारे

### पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 जून, का. समीपस्थ ग्राम हबीपुरा इन दिनों पूरी तरह से भक्तिमय और धार्मिक रंग में रंगा हुआ है.**

अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के पावन अवसर पर ग्रामीणों द्वारा अगाध श्रद्धा और उत्साह के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है. पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है.

### एक माह का कठिन व्रत

गांव के श्रद्धालुओं द्वारा इस पवित्र माह के महत्व को देखते हुए एक महीने का कठिन व्रत रखा गया है. व्रत धारी ग्रामीण क्षेत्र और देश की सुख, समृद्धि तथा मंगल कामना के लिए लगातार पूजा-अर्चना कर रहे हैं. प्रतिदिन प्रभात फेरी के बाद पूरे उत्साह के साथ गांव की परिक्रमा की जाती है. तत्पश्चात भव्य आरती का आयोजन होता है और सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाता है.

धार्मिक आयोजनों के इस सिलसिले से न केवल हबीपुरा बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी धर्म की बयार बह रही है. ग्रामीण पूरे नियम-संयम के साथ इस अधिक मास को सफल बनाने और पुण्य लाभ कमाने में जुटे हुए हैं.



### तड़के 4 बजे से गूंजते हैं भजन

भक्ति का यह सिलसिला हर दिन तड़के सुबह 4 बजे से ही शुरू हो जाता है. ढोलक-मंजीरों की थाप और हरिनाम संकीर्तन के साथ ग्राम में भव्य प्रभात फेरी निकाली जा रही है. प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे भगवान के भजनों पर झूमते हुए चलते हैं, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है.

### दान-पुण्य का मिलता है कई गुना फल

प्रभुलाल दांगी, सेवानिवृत्त शिक्षक ने बताया कि हिंदू सनातन धर्म में पुरुषोत्तम मास का एक अलग ही और विशेष महत्व है. इसे साक्षात भगवान विष्णु का महीना माना गया है. इस पवित्र माह में किए गए जप, तप, धार्मिक कार्यों और दान-पुण्य का फल अन्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक मिलता है. यही वजह है कि पूरा गांव इस समय को व्यर्थ न गंवाकर ईश्वर की भक्ति में लीन है.

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्ध एवं
बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
राजगढ़ जिले का प्रथम अशासकीय विधि महाविद्यालय
निर्विन्ध्या विधि महाविद्यालय
शासन द्वारा प्राप्त सभी छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध
विधि पाठ्यक्रम 2026-27
LLB 3 वर्षीय
B.A.LLB 5 वर्षीय
GNM 3 वर्षीय

प्रवेश एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से एवं सीएलसी राउंड द्वारा
पता : अभयपुर रोड, ग्राम कटारियाखेड़ी, तह. ब्यावरा जिला- राजगढ़
ऑफिस : 7440663447 मो. : 9425039231